कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / माध्य / शालादर्पण / 60304 / मॉड्यूल / 2019 | 266 दिनांकः– 15/7/19

समस्त संस्था प्रधान
राउमावि / राबाउमावि / रामावि / राबामावि

विषय :– शाला दर्पण पोर्टल पर विषयाध्यापक मैपिंग की सूचना अविलम्ब अद्यतन करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शाला दर्पण पोर्टल पर सत्र 2018–19 की अवधि के दौरान कक्षा 5 से 12 हेतु कक्षा वार विषय अध्यापक की सूचना इन्द्राज करने के लिए SUBJECT TEACHER MAPPING मॉड्यूल प्रारम्भ किया गया था। उक्त मॉड्यूल में कक्षावार विषय अध्यापन करवाने वाले शिक्षकों की सूचना अद्यतन की जानी थी, किन्तु आज दिनांक तक अधिकांश विद्यालयों ने उक्त सूचना को शाला दर्पण पोर्टल पर अद्यतन नहीं किया है।

शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यालय लॉगिन में रिजल्ट टैब के अन्तर्गत रिजल्ट एन्ट्री विकल्प में सब्जेक्ट टीचर मैपिंग मॉड्यूल के द्वारा कक्षा वार विषय अध्यापक की सूचना अद्यतन की जानी है। (RESULT => RESULT ENTRY => SUBJECT TEACHER MAPPING)

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र जारी होने के 7 दिवस की अवधि में उक्त मॉड्यूल में सूचना अद्यतन करना सुनिश्चित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

जिला शिक्षा अधिकारी (आदर्श विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
3. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा को प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ संस्था प्रधानों से सब्जेक्ट टीचर मैपिंग मॉड्यूल की सूचना 7 दिवस में अद्यतन करवाया जाना सुनिश्चित करें।
6. स्टाफ आफिसर कार्यालय हाजा।
7. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी (आदर्श विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर